# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024








प्रचार-प्रसार के अभाव में सही जगह नहीं पहुंच पा रहे ग्राहक

# आज धनतेरस : कुरुद का बाजार सजकर तैयार, दुकानदारों को ग्राहकों का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

आज धनतरेस है, जिसके कारण बाजार सजकर पूरी तरह से तैयार है। अब सिर्फ दुकानदारों को ग्राहकों के आने का इंतजार है। हालांकि कई ग्राहक अभी से ही सोने-चांदी, वाहन और अन्य कीमती सामान की बुकिंग करवा रहे हैं, जिसे धनतेरस के दिन दुकान से लेकर जाएंगे। वहीं अधिकांश दुकानदारों द्वारा व्यापक प्रचार नहीं किये जाने के कारण ग्राहक खरीदारी करने सही जगह नहीं पहुंच पा रहे हैं।

ग्राहक की खरीदारी के मूड को देखते हुए कुरुद में भी बाजार सज गया है। हालांकि बढ़ते भाव से सोना अब आम लोगों की पहुंच से बाहर हो गया है, लेकिन विवाह शादी के लिए तो लोग मजबूरी में अभी भी खरीद रहे हैं लेकिन धनतेरस पर विशेष उपहार आदि के लिए अभी आर्थिक रूप से संपन्न कई परिवार धनतेरस पर गहना आदि खरीदने के लिए तैयार है लेकिन इनकी गिनती सैकड़ों में नहीं, बल्कि सौ के नीचे आ गई है। ये कुरुद शहर व आसपास का ट्रेंड है। ज्यादातर लोग मौजूदा समय की जरूरत को देखते हुए खरीदारी कर रहे हैं। धनतेरस पर आम लोग अब वाहन, इलेक्ट्रानिक सामान ज्यादा खरीदते हैं। लेकिन दुकानों में दी जाने वाली छूट आदि की जानकारी ग्राहकों को नहीं होने के कारण वे सही जगह नहीं पहुंच पा रहे हैं।





### ऑनलाइन नहीं, स्थानीय व्यापारियों से करें खरीदारी

दिवाली को लेकर रौनक दिखना शुरू हो गया है। बाजार पूरी तरह से सजकर तैयार है, जहां से सैकड़ों लोग घर के लिए आइटम खरीदने के लिए तैयार बैठे हैं। यानी शहर में धनतेरस पर करोड़ों का धन बरसने की उम्मीद है। बशर्तें लोगों से अपील है कि वे ऑनलाइन शॉपिंग न कर अपने नजदीक में स्थानीय व्यापारियों से जरूरत का सामान खरीदे।

- योगेंद्र सिन्हा, *व्यापारी संघ अध्यक्ष कुरुद*

### सोना अब लग्जरी आइटम हो गया है

कुछ साल से लगातार बढ़ते दाम के कारण अव्यवस्थित हुए कारोबार के चलते सोना अब आम लोगों की पहुंच से दूर होता जा रहा है। यह अब लग्जरी आइटम हो गया है जिसे चंद लोग ही धनतेरस पर खरीदते हैं।

- श्रवण साहू, *कुरुदवासी*

### प्रचार-प्रसार का दिखता है अभाव

पहले किसी भी उत्सव व त्योहार पर अखबार या अन्य प्रचार माध्यम से दुकानदारों व बड़े व्यापारियों द्वारा अपने प्रतिष्ठान का माह भर पहले से ही प्रचार प्रसार किया जाता था जिसका बड़ा फायदा इन्हें मिलता था जो अब हाईटेक सोशल मीडिया पर ज्यादा भरोसा करने लग गये हैं। जिसके कारण गांव-देहात के लोगों तक उनके द्वारा दी जाने वाली स्कीम की जानकारी नहीं पहुंच पाती। नतीजन लोग अब स्थानीय की बजाय ऑनलाइन शॉपिंग करने लगे हैं।

- जमाल रिजवी, *पूर्व अध्यक्ष कुरुद प्रेस क्लब*

### प्रतिवर्ष व्यापार में हो रही वृद्धि

नेशनल हाईवे नगर स्वागत द्वार के पास स्थित महामाया एग्रो के प्रोपाइटर सत्यप्रकाश सिन्हा ने बताया कि व्यापार को लेकर मैं हमेशा सजग रहा हूं। मेरे कर्मचारी व्यापार बढ़ाने फील्ड वर्क करते ही हैं लेकिन इसके साथ -साथ मुझे बड़ा फायदा अखबारों में स्कीम का विज्ञापन जारी करवाने से मिलता है। इससे दूर-दूर से किसान ट्रेक्टर खरीदने पहुंचते हैं। जिससे प्रतिवर्ष मेरे व्यापार में वृद्धि हुई है।

- सत्यप्रकाश सिन्हा, *प्रो. महामाया एग्रो कुरुद*

### इलेक्ट्रॉनिक व जेवरात खरीदने का बढ़ा प्रचलन

दरअसल भारतीय शास्त्र में धनतेरस पर खरीदारी को शुभ माना गया है। इस बार शहर में धनतेरस की खरीदारी के लिए बाजार अभी से सज गया है। हालांकि, कुछ दशक पहले लोग कुछ न कुछ अपनी सामर्थता के अनुसार एक बर्तन जरूर खरीदते थे, जिसे शुभ माना जाता रहा है, लेकिन पैसों के दौर में अब बर्तन खरीदने वाले कम व वाहन, सोने के जेवरात और इलेक्ट्रानिक सामान की खरीदारी करने का प्रचलन बढ़ते जा रहा है। यानी अब धनतेरस को लोग हजारों और लाखों की खरीदारी करना शुभ मानते हैं।

# सिहावा पुलिस ने 12 जुआरियों को धरदबोचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

सिहावा पुलिस ने ग्राम सोनामगर धान मंडी चबूतरा के पास ताश खेल रहे दो आरोपियों किशन दास मानिकपुरी पिता जीवराखन मानिकपुरी उम्र 21 वर्ष व शैलेंद्र नेताम पिता बरन सिंह नेताम उम्र 34 वर्ष को घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से नकदी रकम 1,050 रू एवं 52 पत्ती जब्त की गई। धारा 03 (2) जुआ एक्ट के तहत अपराध कायम कर कार्रवाई की गई।

इसी तरह ग्राम भुरसीडोंगरी में प्रदीप साहू के घर के पास ताश खेल रहे 10 जुआरियों आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा। इसके कब्जे से नकदी रकम 59,050 रू एवं ताशपत्ती जप्त कर धारा 03 (2) जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पकड़े गए आरोपी तस्वीर नाग पिता हरख नाग उम्र 38 वर्ष साकिन जामगांव थाना नरहरपुर जिला कांकेर, लक्ष्मण साहू पिता गौतम उम्र 36 वर्ष साकिन दुधावा थाना नरहरपुर जिला कांकेर, शेखर साहू पिता घुरउ राम उम्र 27 वर्ष साकिन दुधाना थाना नरहरपुर जिला कांकेर, रोहित बंजारे पिता बृजलाल बंजारे उम्र साकिन 33 वर्ष बेलर थाना सिहावा जिला धमतरी, दिलीप अरकरा पिता श्यामलाल उम्र 49 वर्ष साकिन मुसुरपुट्टा थाना नरहरपुर जिला कांकेर, चंदूलाल चोपड़ा पिता स्व. भंवर लाल उम्र 63 वर्ष साकिन बेलरगंव थाना सिहावा जिला धमतरी, ओमप्रकाश यादव पिता स्व. उमेन्द्र उम्र 19 वर्ष साकिन भुरसीडोंगरी थाना सिहावा जिला धमतरी, जितेन्द्र तिवारी पिता राजा तिवारी 18 वर्ष साकिन जामगंव थाना नरहरपुर जिला कांकेर, आशुतोष टण्डन पिता मनराखन टण्डन उम्र 30 वर्ष साकिन बेलर थाना सिहावा जिला धमतरी, प्रदीप कुमार साहू पिता मिश्रीलाल उम्र 48 वर्ष साकिन भुसरीडोंगरी शामिल हैं।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सिहावा उनि उमाकांत तिवारी, सउनि सोहन चंद्रआर्या, प्रआर रामकुमार कमलवंशी, आरक्षक टिकेश साहू, राकेश बंजारे, युवराज साहू, चंडीकेश्वर चौहान, गोपाल करहाड़े का योगदान रहा।

# बुद्ध ने जीवन का रहस्य और अंबेडकर ने आदर्श नागरिक का धर्म बताया : रोहरा

- दो समाज का एक जगह कार्यक्रम होना सामाजिक समरसता की मिसाल : उमेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ग्राम रींवागहन में बौद्ध समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण व साहू समाज और आदिवासी समाज के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामू रोहरा महामंत्री भाजपा छग ने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध राज पाठ, घर परिवार छोड़कर सत्य की खोज पर निकले और सत्य को प्राप्त करके पूरे विश्व को मानवता की कल्याण के लिए सत्य के रास्ते पर चलने का आह्वान किया। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने भी गरीबी और छुआछूत का दंश झेलते हुए यह निश्चय किया कि इस बीमारी का एक ही समाधान है शिक्षा। शिक्षा को ही सबसे बड़ा धर्म मानकर उस रास्ते पर आगे बढ़े और एक दिन आजाद भारत के संविधान के निर्माता हुए। गौतम बुद्ध और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के आदर्शों का अनुसरण करें। उमेश साहू पूर्व सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि इस मंच पर आदिवासी समाज और साहू समाज का एकसाथ भूमिपूजन कार्यक्रम रखा गया। यह सामाजिक समरसता का सबसे बड़ा उदाहरण है। विकास के कार्य कभी समाप्त नहीं होते। यह चलने वाली सतत प्रक्रिया है।

कार्यक्रम को जनपद उपाध्यक्ष राजू चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य दमयंती साहू, आमदी मंडल अध्यक्ष मुरारी, भाजपा जिला महामंत्री अविनाश दुबे, ज्ञानिक रामटेके ने भी संबोधित किया।

# भारत को जानो विषय के विजेता प्रतिभागी हुए पुरस्कृत



- विद्याकुंज स्कूल लोहरसी में निजी विद्यालय प्रबंधक कल्याण संघ की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विद्याकुंज इंग्लिश स्कूल लोहरसी में निजी विद्यालय प्रबंधक कल्याण संघ की बैठक हुई। बैठक में सदस्यों द्वारा विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक के बाद जिला स्तर पर कक्षा 6वीं से 12वीं स्तर तक के छात्रों के लिए आयोजित भारत को जानो विषय पर आधारित सामान्य ज्ञान परीक्षा का पुरस्कार वितरित किया गया।

कक्षा 6वीं स्तर पर प्रथम कलीराम चंद्राकर पब्लिक स्कूल कुरूद की छात्रा आराध्या साहू, द्वितीय टैलेंट स्कूल की सुहाना मीनपाल एवं तृतीय विजडम स्कूल की लिशा यदु ,कक्षा सातवीं स्तर पर प्रथम सेंट जेवियर स्कूल आरुषि नाग, द्वितीय ऋग्वेद स्कूल से रश्मि नेताम एवं तृतीय विद्याकुंज स्कूल से रुचिका साहू, आठवीं स्तर पर प्रथम डीपीएस सांकरा की सान्वी गुप्ता, द्वितीय नूतन इंग्लिश स्कूल के लिनेश पवार, तृतीय वन्देमातरम स्कूल की प्राची सिंग राजपूत, नवमी स्तर पर प्रथम साक्षी कुम्भज, द्वितीय मेनोनाइट इंग्लिश स्कूल के जीवेश पांडेय तृतीय सेंटमेरी स्कूल की ईशा देवांगन, दसवीं पर प्रथम बीएस आर्य स्कूल अमलीडीह की अंजलि सोनवानी, द्वितीय विजडम एकेडमी स्कूल से प्रतीक साहू, तृतीय किरण पब्लिक स्कूल कुरूद पंकज साहू, ग्यारहवीं कक्षा स्तर पर प्रथम सेंट मेरी इंग्लिश स्कूल की अनुरंजनी जाधव, द्वितीय ज्ञान अमृत स्कूल से स्वेच्छा चौहान, तृतीय गैलेक्सी स्कूल कुरूद देवेंद्र कुमार, बारहवीं कक्षा स्तर पर प्रथम सेंटमेरी स्कूल की आकृति चौधरी, द्वितीय ग्लैक्सी स्कूल कुरूद की चांदनी किरण एवं तृतीय ओरेकल स्कूल की पायल साहू रही।

**गुप्त व यौन रोग कमजोरी**
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
**संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना**
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

# रबी सीजन में धान की बजाय चना, गेहूं की फसल लेंगे किसान

- ईर्रा में ग्राम विकास समिति एवं ग्रामीणों ने लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)



ग्राम ईर्रा में ग्राम विकास समिति एवं ग्रामवासियों ने इस वर्ष पानी की समस्या को देखते हुए रब सीजन में धान की बजाय चना, गेहूं फसल लेने का निर्णय लिया है और जो किसान रबी फसल में धान लगाता है, उन लोगों के लिए 50000 अर्थदंड रखा गया है।

मौके पर ग्राम अध्यक्ष नंदकुमार साहू, उपाध्यक्ष विरेंद्र कुमार साहू, सचिव महेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र साहू, सरपंच कमलेश नेताम, उपसरपंच कल्याण साहू, ग्राम पटेल धनमोहन साहू, रामप्रसाद साहू, गोपालराम साहू, महेश समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# खेत में बना दिया स्टेडियम जाने के लिए नहीं है रास्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम बेलरगांव में 2013-14 में मिनी स्टेडियम का निर्माण हुआ लेकिन आने-जाने के लिए रास्ते का निर्माण नहीं हुआ है। स्टेडियम खेतों के बीच बना हुआ है। वर्तमान में स्टेडियम जुआ और नशेड़ियों का अड्डा बन चुका है। पूर्व में भी ग्राम पंचायत ग्राम सभा के माध्यम से प्रयास किया गया लेकिन कोई रास्ता नहीं निकला। बेलरगांव क्रीड़ा महोत्सव समिति ने इस संबंध मेंकलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। मौके पर प्रियांशु प्रजापति अध्यक्ष क्रीड़ा महोत्सव समिति, चैतन्य साहू, गजेंद्र नेताम, भोला बंजारे, अरविंद यादव मौजूद थे।

## पीएम आवास योजना के 121 और प्रधानमंत्री जनमन योजना के 156 परिवार शामिल

# धनतेरस पर जिले के 277 परिवार करेंगे गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभान्वित जिले के 277 परिवार धनतेरस को गृह प्रवेश करेंगे। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना के 121 और प्रधानमंत्री जनमन योजना के 156 परिवार शामिल हैं।

कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव की लगातार मानिटरिंग एवं वीडियो कांफ्रेंस के जरिए संबंधित अधिकारीयों से प्रगति की समीक्षा की जा रही है। अपने खुद के पक्के मकान में प्रवेश करने के लिए विशेष पिछड़ी जनजाति के कमार परिवार सहित अन्य लाभान्वित हितग्राही परिवार काफ़ी उत्सुक हैं।

जिले के विकासखंड धमतरी में 8224, कुरुद में 10452, मगरलोड में 7475, नगरी में 13263, कुल 39 हजार 414 परिवारों को योजना के तहत आवास मिला। प्रधानमंत्री आवास योजना के 121 और प्रधानमंत्री जनमन योजना के 156 परिवार धनतेरस के दिन गृह प्रवेश कर उत्सव मनायेंगे। मगरलोड विकासखंड के ग्राम पंचायत मड़ेली निवासी श्रीमती मुन्नी बाई कमार जो अपने पति रतनूराम कमार के साथ मजदूरी करती हैं, ने बताया कि अब हमें पक्का आवास के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ता। बरसों का सपना पूरा हुआ। प्रधानमंत्री आवास बनने से हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है। इस सुविधा से न केवल उनकी दैनिक गतिविधियां आसान हुई हैं बल्कि यह उनके शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और स्वच्छता की दृष्टि से एक सकारात्मक सोच के कारण बदलाव आया है।

**Pride of Dhamtari**




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी - 97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



10 आज धनतेरस : कुरुद का बाजार सजकर तैयार, दुकानदारों को...





13 जगन्नाथ मंदिर में 2 नवम्बर को बंटेगी 651 किलो खिचड़ी









## खबर संक्षेप

### रन फॉर यूनिटी आज

**धमतरी।** 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती है। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जा रहा है। इसके मद्देनजर जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग धमतरी द्वारा रन फॉर यूनिटी एकता दौड़ का आयोजन 29 अक्टूबर को सुबह 6.30 बजे से किया जा रहा है। यह दौड़ स्थानीय गांधी मैदान से शुरू होकर वापस गांधी मैदान में सम्पन्न होगी।

### आज जोरातराई में नाचा-गम्मत

**कुरुद।** जय मां सतबहिनी युवा समिति खपरी चौक ग्राम जोरातराई के तत्वावधान में धनतेरस पर ग्रामवासियों के मनोरंजन के लिए एक दिवसीय नाचा गम्मत का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम रात्रि 8 बजे अतिथि स्वागत व उद्बोधन के साथ शुभारंभ होगा। कथा प्रसंग नारी परीक्षा शीर्षक के साथ झन भूलो मां बाप ला मोखा मड़ईभाठा का नाचा कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारी में चित्रसेन साहू, टिकेश्वर साहू, हेमचन्द गंजीर, प्रताप साहू, दानीराम, महेंद्र साहू, लिखन साहू जुटे हुए हैं।

### मातर पर होगा मोर सांवरिया का कार्यक्रम

**पुरी।** ग्राम कंडेल में मातर महोत्सव का आयोजन 3 नवंबर को किया गया है। रात्रि में लोकरंग मोर सांवरिया रायपुर की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में आयोजन समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

### कुहकुहा में मातर उत्सव 3 को

**सिर्री।** ग्राम कुहकुहा में ग्रामवासियों के सहयोग से 3 नवंबर को मातर उत्सव मनाया जाएगा। रात में मनोरंजन के लिए महतारी के अछरा छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच का कार्यक्रम रखा गया है। इसकी तैयारी में ग्राम विकास समिति के पदाधिकारी सहित ग्रामीण जुटे हुए हैं। यह जानकारी ग्रामीण कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने दी।

### आमदी में मातर मेला महोत्सव 3 को

**आमदी(धमतरी)।** दीपावली पर्व पर कृषि विकास समिति द्वारा मातर मेला महोत्सव का आयोजन 3 नवंबर को राधाकृष्ण मंदिर परिसर स्कूल चौक आमदी में किया गया है। बजरंग अखाड़ा दल द्वारा दोपहर 12 बजे अखाड़ा का करतब दिखाया जाएगा। नगरवासियों के मनोरंजन के लिए रात्रि में पुरुषोत्तम चंद्राकर लोक कला मंच लोक रंजनी आरंग (रायपुर) का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। यह जानकारी कृषि विकास समिति के सचिव महेंद्र कोसरिया ने दी है।

### सामान्य सभा का सम्मिलन 6 को

**धमतरी।** जिला पंचायत धमतरी की सामान्य सभा का सम्मिलन 6 नवम्बर को किया जाएगा। सचिव सामान्य सभा एवं सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि दोपहर 12.30 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित सामान्य सभा सम्मिलन में छग बीज निगम के कार्यों सहित निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना, वन विभाग, खनिज विभाग के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

---

अव्यवस्था : शहर में लगभग 1000 ई-रिक्शा दौड़ रहे, रोज लग रहा जाम

# कहीं भी वाहन रोककर बिठा रहे सवारी अचानक मोड़ने से रोज हो रही दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर में इन दिनों ई-रिक्शा की भरमार है। इससे हर दिन मार्ग में जाम की स्थिति बन रही है। खासकर सदर बाजार में एकसाथ कई ई-रिक्शा के प्रवेश करने से यातायात अव्यवस्थित हो रहा है। जाम में फंसे लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस प्रशासन द्वारा बनाए गए ट्रेफिक प्लान का पालन नहीं हो रहा है। बता दें कि वर्तमान में पूरा शहर जाम की स्थिति में है। शहर में इन दिनों लगभग 1000 ई-रिक्शा बेतरतीब दौड़ रही है। कट मारकर चलाने से कई बार दुर्घटना भी हो गई है। तेज रफ्तार के कारण जरा सी



हिचकोले में पलट रही है। विदित हो कि भखारा, कुकरेल, गुरूर, पुरूर, कुरूद जैसे इलाकों के सैकड़ों गांवों से बड़ी संख्या में ई-रिक्शा शहर पहुंच रही है।

सदरबाजार की बात करें तो संकरी गलियों में यातायात हमेशा अवरूद्ध रहता है। बाइक, रिक्शा, चारपहिया वाहन दुकानों के सामने अवैध पार्किंग, बेतरतीब सामान की वजह से रामबाग से घड़ी चौक तक हमेशा जाम रहता है। ऊपर से 100 से 150 की संख्या में ई-रिक्शा के प्रवेश होने से हालत और बिगड़ जाती है।

### ट्रेफिक प्लान बनाया जाए : शहरवासी

शहरी नागरिक उज्ज्वल सोनी, गणेश सोनी, नितिन बंसल, त्रिलोक खापर्डे, सोनू साहू आदि का कहना है कि कुछ महीनों से ई-रिक्शा की संख्या शहर में एकाएक बढ़ गई है। रोजी रोटी की तलाश में लोग ई-रिक्शा खरीदकर शहर में संचालन कर रहे हैं। अच्छी बात है कि लोग मेहनत से कमाई करके जीवन चला रहे हैं लेकिन मार्गों में संचालन के नियम होने चाहिए। एकसाथ एक ही मार्ग में भारी संख्या में ई-रिक्शा को प्रवेश नहीं दिया जाना चाहिए। शहर में खासकर सदरबाजार में ट्रेफिक नियम का बनाया जाना उचित है।

### बेतरतीब संचालन पर लगे लगाम

नागरिकों का कहना है कि चालक अपनी ई-रिक्शा बेतरतीब ढंग से चलाते हैं। सदर मार्ग में या खुली जगह में स्पीड काफी रहती है। कट मारकर चलाने से ई-रिक्शा पलट भी रही है। जिससे कई बार चालक और यात्रियों को चोट भी आई है। ई-रिक्शा का शहर में घूमने व बाहर निकलने का रूट तैयार किया जाए। शहर में संचालन ट्रेफिक प्लान के तहत हो। चालक की मनमानी को रोका जाए। खासकर त्योहारी सीजन में तो सदर प्रवेश पर मनाही करें। यात्रियों को बिठाने के चक्कर में बीच सड़क पर रोक देते हैं। टर्निंग में अचानक मोड़ने और टोकने की शिकायत आम हो गई है, जिससे पीछे चलने वाले लोग घबरा जाते हैं।

---

# सड़क हादसा : घायलों में से एक युवक की हुई मौत

- नगरी मार्ग पर ट्रेलर से टकराई थी जीप, तीन लोग हुए थे घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



नगरी मार्ग में हुए भीषण सड़क हादसे में घायल तीन युवकों में से एक की मौत हो गई है।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय सदर दक्षिण वार्ड के



रानी बगीचा निवासी कुशल यादव पिता राजकुमार उम्र 26 वर्ष मथुराडीह चौक के पास स्थित राजा ढाबा में काम करता था। रविवार की दोपहर कुशल काम करने ढाबा चला गया। युवक ढाबा में काम कर रहा था। इसी दौरान उसके दोस्त तेजू ढीमर पिता मनोज ग्राम भेड़सर थाना भखारा व भूपेश साहू ग्राम पोंड थाना गुरूर निवासी कुशल के पास गए। जहां से तीनों बोलेरो जीप क्रमांक सीजी 05 एआर 9099 में सवार होकर नगरी की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान बोलेरो जीप ने कुकरेल के पास एक सब्जी ठेला को ठोकर मार दी। इस घटना में वाहन अनियंत्रित होकर वहां पर खड़े ट्रेलर से टकरा गया। इस घटना में जीप के परखच्चे उड़ गए। वहीं सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को केरेगांव पुलिस ने हाईवे पेट्रोलिंग की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद कुशल यादव को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायलों को वार्ड में भर्ती किया गया है। चौकी पुलिस ने सोमवार को मर्ग कायम, पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

---

# जुआरियों के खिलाफ पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई

- दो थानों की पुलिस ने पकड़े 14 जुआरी, 19 हजार बरामद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

दीपावली त्योहार से पहले जगह-जगह सजने वाली जुए की महफिल पर पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। दो थानों की पुलिस ने रेड मारकर 14 जुआरी को पकड़कर उनके कब्जे से 19 हजार रूपये नकदी बरामद की है।

पुलिस के अनुसार भखारा पुलिस ने दो स्थानों व कुरूद पुलिस ने एक स्थान पर दबिश दी। भखारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर महावीर चौक कोलियारी के पास चल रहे जुआ फड़ में दबिश दी जहां से नितिश साहू 33 वर्ष, विकास साहू 22 वर्ष, सुखदेव साहू 37 वर्ष,





प्रदीप ध्रुव 49 वर्ष, खेमन साहू 35 वर्ष व पारसमणि निषाद 31 वर्ष सभी ग्राम कोलियारी थाना भखारा निवासी को रंगेहाथ जुआ खेलते पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से 10 हजार 800 रूपये बरामद किए गए। इसी तरह भखारा पुलिस ने ग्राम गुजरा के एक समाज भवन के पास जुआ खेल रहे गेमेन्द्र उर्फ लक्की साहू 24 वर्ष, रविन्द्र साहू 45 वर्ष, सीताराम साहू 45 वर्ष व जीवनलाल साहू 39 वर्ष चारों ग्राम गुजरा निवासी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 हजार रूपये बरामद किए है।

इसी तरह कुरूद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बंजारी के सतनामी पारा स्थित रंगमंच के पास जुआ फड़ में दबिश दी। इस दौरान जुआ खेल रहे देवनाथ टण्डन 39 वर्ष, सोहन बारले 20 वर्ष, हेमराज सतनामी 30 वर्ष व संतोष भारती 30 वर्ष चारों ग्राम बंजारी थाना कुरूद निवासी को पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से 3 हजार नकदी बरामद की गई है। भखारा व कुरूद थाना में आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने कुल 14 जुआरियों से कुल 18 975 रूपये जब्त कए। इस कार्रवाई में दोनों थाना के प्रभारी व स्टाफ का योगदान रहा।

---

# छठवां आदतन अपराधी हुआ जिलाबदर

- जिला दण्डाधिकारी ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आपराधिक गतिविधियों में लगातार संलिप्त रहने वाले आदतन अपराधी को एसपी की अनुशंसा पर कलेक्टर ने जिलाबदर की कार्रवाई की है। यह जिलाबदर की छठवीं कार्रवाई है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नम्रता गांधी ने पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय की अनुशंसा पर जिले के आदतन अपराधी हेमंत सिंह उर्फ बिट्टू राजपूत पिता सातम सिंह राजपूत उम्र 35 वर्ष निवासी रामपुर वार्ड गवर्नमेन्ट स्कूल के पीछे थाना सिटी कोतवाली धमतरी को जिला धमतरी से 1 वर्ष के लिए जिलाबदर कर दिया है। आदतन अपराधी हेमंत



सिंह राजपूत उर्फ बिट्टू के खिलाफ बीते कुछ वर्षों से लगातार मारपीट, गुण्डागर्दी, जान से मारने की धमकी देने, चोरी, आर्म्स एक्ट एवं अन्य अपराध पंजीबद्ध हैं। जिला दण्डाधिकारी ने हेमंत सिंह राजपूत को 28 अक्टूबर 2024 से आगामी 1 वर्ष के लिए जिला धमतरी एवं समीपस्थ जिला रायपुर, बालोद, कांकेर, गरियाबंद, दुर्ग, कोण्डागांव की सीमाओं से हट जाने का आदेश दिया गया है।

### 11 प्रकरणों में से 6 पर हो चुकी कार्रवाई

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 में जिलाबदर की कार्रवाई के लिए कुल 11 प्रकरण पेश किए गए थे। जिसमें से 6 आदतन बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की जा चुकी है।






---

# सड़क दुर्घटना में नर्सिंग कालेज का कर्मचारी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- रूद्री रोड में तेज रफ्तार कार ने मारी ठोकर

कालेज से घर लौट रहे नर्सिंग कालेज के कर्मचारी को तेज रफ्तार कार ने ठोकर मारकर घायल कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम मरादेव निवासी अनीश



कुमार लाल उम्र 39 वर्ष नर्सिंग कालेज लिमतरा में कार्यरत हैं। युवक सोमवार की शाम नर्सिंग कालेज लिमतरा से स्कूटी में सवार होकर रूद्री रोड होते हुए अपने घर ग्राम मरादेव जा रहा था। इसी दौरान राधास्वामी सत्संग के पास तेज रफ्तार कार का चालक उसकी स्कूटी को ठोकर मारकर मौके से भाग गया। कार की ठोकर से स्कूटी सवार युवक घायल हो गया। सूचना पर रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान अपने सहयोगी डोमन साहू के साथ घटनास्थल पहुंच गए। मौके पर पहुंचे पुलिस जवानों के सहयोग से घायल को उपचार के लिए मसीही अस्पताल लाया गया। घायल युवक का उपचार जारी है।

---

### रेडक्रॉस प्रबंध समिति की बैठक 20 को

**धमतरी।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा रायपुर के आदेशानुसार जिला शाखा धमतरी की जिला प्रबंध समिति का गठन करने के लिए 25 अक्टूबर को संरक्षक सदस्य, उप संरक्षक सदस्य एवं आजीवन सदस्यों की सूचना का अंतिम प्रकाशन किया गया। कलेक्टर एवं अध्यक्ष इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी धमतरी नम्रता गांधी द्वारा सूचना आदेश जारी किया गया। जारी आदेश के अनुसार प्रबंध समिति का गठन करने के लिए 20 नवम्बर को दोपहर दो बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक रखी गई है।









---

जनदर्शन में बड़ी करेली के ग्रामीणों ने की शिकायत

# न्यायालयीन आदेश की अवमानना राजस्व निरीक्षक पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में राजस्व निरीक्षक करेलीबड़ी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग ग्रामीणों ने की है। बड़ी करेली के ग्रामीण इन्दुलराज, देवनाम साहू, चंद्रकुमार, गीतेश्वर ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि ग्राम बड़ी करेली रोड चौड़ीकरण को लेकर मानकीबाई एवं अन्य ने बिलासपुर हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। 15 जून 2022 को न्यायालय ने आदेश पारित कर कहा था कि रोड चौड़ीकरण की कार्रवाई पर मुआवजा एवं पुनर्वास मिलने तक रोक लगाई जाए। याचिकाकर्ताओं ने कलेक्टर से कहा है कि उच्च न्यायालय द्वारा रोड चौड़ीकरण कार्य को रोकने के बाद भी राजस्व निरीक्षक बड़ी करेली द्वारा न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए बिना मुआवजा और पुनर्वास के बार-बार निर्माण कार्य शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 23 अक्टूबर



2024 को वे पुनः रोड चौड़ीकरण के लिए नापजोख करने दलबल के साथ पहुंच गए। ग्रामीणों द्वारा इसका शांतिपूर्ण विरोध करने पर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के लिए सबको जेल में डालने की धमकी दी गई है। शिकायतकर्ताओं की मांग है कि न्यायालय में अंतिम निराकरण तक उक्त निर्माण कार्य पर रोक लगाई जाए तथा राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों पर उचित कार्रवाई की जाए।







## खबर संक्षेप

### भोथली में डीजे डांस 2 नवंबर को

**नगरी।** ग्राम भोथली में डीजे डांस प्रतियोगिता 2 नवंबर शनिवार को रात्रि 8 बजे से रखी गई है। प्रतियोगिता की तैयारी में कोषाध्यक्ष दिलवर साहू, सचिव रामेश्वर साहू, विकास बोहरा, केदार साहू, घनश्याम साहू, मुकेश साहू, रामेश्वर साहू, दिलतर साहू समेत नवदुर्गा उत्सव समिति बीचपारा के सदस्य जुटे हैं।

### दस्तावेज का सत्यापन किया जाएगा आज

**धमतरी।** जिला पंचायत धमतरी में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास मित्र समर्पित मानव संसाधन की सेवाओं के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। इस संबंध में सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यार्थियों की अनंतिम मेरिट सूची की दावा, आपत्ति के लिए प्रकाशन किया गया तथा मैरिट सूची अनुसार दस्तावेज का सत्यापन 29 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित किया जाएगा। सीईओ ने अभ्यर्थियों को नियत समय पर उपस्थित होने कहा है।

### ठेनही में डीजे डांस प्रतियोगिता 1 को

**नगरी।** ग्राम ठेनही में शुक्रवार को राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। सामूहिक में प्रथम पुरस्कार 5024, द्वितीय पुरस्कार 3024, तृतीय पुरस्कार 2024 व युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 2024, द्वितीय पुरस्कार 1024 रूपये दिया जायेगा। एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 1024, द्वितीय पुरस्कार 724 रूपये दिया जायेगा। तैयारी में हरीशचंद ओटी, छतर सिंह यादव, मनोज कुमार ध्रुव, असकरण बोझी, उपेन्द्र कुमार नागेश जुटे हैं। प्रवेश की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर है।

### इकाई स्थापना के लिए मिलेगा 10 लाख का अनुदान

**धमतरी।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र अंतर्गत आटा, दाल मिल, राइस मिल, पोहा मिल, सूजी, रवा, नमकीन मिठाई निर्माण, चिप्स, आचार, ब्रेड, चनाचूर, बड़ी, पापड़, मैगी, आइस कैण्डी, मशरूम उद्योग, मसाला उद्योग व दुग्ध आधारित उत्पाद तथा अन्य खाद्य पदार्थ इकाईयों की स्थापना की जा सकती है। महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एसपी गोस्वामी ने बताया कि इन इकाईयों की स्थापना करने के लिए पात्रता अनुसार 35 प्रतिशत एवं 10 लाख रूपये तक का अनुदान उपलब्ध है। इसमें व्यक्तिगत उद्यमी आवेदन कर सकते हैं।

### भूजल स्तर में सुधार के लिए दलहन-तिलहन फसल आज की मांग : कलेक्टर

**धमतरी।** जिला प्रशासन की पहल पर ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन, तिलहन और नगदी फसलों को लेने किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम लोहरसी में कृषक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर नम्रता गांधी ने कहा कि जल संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने हेतु फसल चक्र परितर्वन बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि खुशी की बात है कि जिले के किसान फसल चक्र परिवर्तन के लिए एक कदम आगे बढ़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहे हैं। कलेक्टर ने कहा कि जिले में गिरते भूजल स्तर में कमी लाने फसल चक्र परिवर्तन आज की मांग है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा किसानों को उच्च गुणवत्ता के बीज, ऋण एवं आवश्यक परामर्श और सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। कलेक्टर ने कहा कि धान की फसल में अधिक पानी, मेहनत, समय की अधिक जरूरत होती है, जबकि दलहन, तिलहन और नगदी फसलों में पानी, समय और मेहनत की बचत होती है और इससे धान की अपेक्षा अधिक आर्थिक लाभ मिलता है।

एकलव्य खेल मैदान में 5 नवम्बर को होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

# कलेक्टर ने लिया राज्योत्सव की तैयारी का जायजा, अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छग राज्य स्थापना दिवस पर राज्योत्सव का एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम 5 नवम्बर को स्थानीय डॉ.शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल के एकलव्य खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। इसके मद्देनजर कलेक्टर नम्रता गांधी ने तैयारियों का जायजा लिया। कार्यक्रम स्थल में कृषि, उद्यानिकी, पशु चिकित्सा विभाग, मत्स्य विभाग, उद्योग, जिला पंचायत, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, वन विभाग, खाद्य विभाग, श्रम विभाग, परिवहन विभाग, स्कूल शिक्षा और समाज कल्याण विभाग द्वारा विभाग की विशेष उपलब्धियों एवं राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। कलेक्टर ने राज्योत्सव के सफल एवं सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन्न कराने के दृष्टिकोण से अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को राज्योत्सव 2024 का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

कार्यक्रम में सुरक्षा एवं यातायात की जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक की होगी, वहीं बैरिकेडिंग के लिए बांस-बल्ली की व्यवस्था वनमण्डलाधिकारी द्वारा की जाएगी। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी को आमंत्रण पत्र प्रारूप तैयार करने और कानून व्यवस्था के लिए ड्यूटी लगाने, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धमतरी और तहसीलदार धमतरी को सहायक नोडल अधिकारी सहित बैठक व्यवस्था और आमंत्रण पत्र वितरण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आयुक्त नगरनिगम, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग भासं संभाग धमतरी को मंच व्यवस्था, बेरिकैडिंग, बैठक, स्टेज निर्माण, लेआउट विभागीय प्रदर्शनी हेतु पंडाल व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया। विद्युत विभाग को नियमित विद्युत आपूर्ति, जनरेटर और साउंड सिस्टम की व्यवस्था, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग एवं कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना धमतरी को स्थानीय कलाकारों की व्यवस्था, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक राजीव गांधी शिक्षा मिशन को मंच संचालन हेतु उद्घोषक की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई।

आयुक्त नगर निगम को कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है। डिप्टी कलेक्टर प्रीति दुर्गम, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र और सहायक संचालक मछलीपालन विभाग को कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागीय प्रदर्शनी को सुव्यवस्थित प्रदर्शित करवाने की जिम्मेदारी दी गई है।

# राशन कार्ड अपडेट नहीं, जिले के 75 हजार हितग्राहियों का नाम कटा



ई-केवाइसी कराने की प्रक्रिया अभी भी जारी : पिपरे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासन के नए नियम के मुताबिक जिले के सभी राशन कार्डधारियों को अपने परिवार के सभी सदस्यों के साथ फिंगरप्रिंट देकर ई-केवाइसी कराना अनिवार्य है लेकिन सोमवार की स्थिति में जिले के 74821 हितग्राहियों ने फिंगर प्रिंट देकर अपडेट नहीं कराया है। अब नए राशन कार्ड से उनका नाम काटने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

खाद्य विभाग के फूड इंस्पेक्टर नरेश पिपरे ने बताया कि धमतरी ग्रामीण में राशन कार्ड में शामिल सदस्यों की संख्या 198340 है, जिसमें से 188815 ने ई-केवाइसी करा ली है। शेष 9525 ने अभी तक ई-केवाइसी नहीं कराई है। इसी तरह निगम क्षेत्र में कुल सदस्य 90631 हैं, जिसमें से 77802 अपडेट हैं। 12829 सदस्यों ने अभी तक अपडेट नहीं कराया है। श्री पिपरे ने बताया कि इसी तरह आमदी, कुरूद, मगरलोड, नगरी, ग्रामीण, शहरी क्षेत्रों से भी हजारों सदस्यों ने ई-केवाइसी नहीं कराई है जिसकी संख्या 74821 है।

उल्लेखनीय है कि ई-केवाइसी अपडेट नहीं कराने वालों का नाम राशन कार्ड से कट सकता है। नाम कटने से राशन नहीं मिलेगा। ई-केवाइसी का कार्य अभी भी चालू है। ई-केवाइसी कराने का उद्देश्य बोगस कार्ड की पहचान करने, राशन वितरण में गड़बड़ी रोकनी है।

# शाला से बाहर बच्चों के लिए गैर आवासीय कार्यशाला लगी




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के शालात्यागी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला सहायक परियोजना अधिकारी अतुल रणसिंह के मार्गदर्शन में बीआरसी धमतरी में समग्र शिक्षा और ह्यूमाना पीपल टू पीपल इंडिया के सहयोग से प्रशिक्षण संचालित किया गया। श्री रणसिंह ने बताया कि शाला से बाहर बच्चों का चिन्हांकन किस प्रकार करना है और उसके सीखने की दक्षता कैसे हासिल करनी है, इस पर जानकारी दी गई। ह्यूमाना पीपल टू पीपल इंडिया से राजू लाल ने कदम टूल का उपयोग कर बच्चों का संवर्धन किस प्रकार करना है, इस संबंध में विस्तारपूर्वक समझाया। इस अवसर पर बीआरसी ललित सिन्हा, अरनब गांगोली, सोमनाथ केंवट समेत अनेक शिक्षक उपस्थित थे।

पीजी कॉलेज मैदान में आईपीएल की तर्ज पर 22 मैच खेले गए

# रायल चैलेंजर ने जीता धमतरी टैलेंट सर्च टूर्नामेंट का खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



स्थानीय पीजी कॉलेज मैदान में धमतरी जिला क्रिकेट संघ द्वारा धमतरी टैलेंट सर्च टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। फाइनल मैच में धमतरी रायल चैलेंजर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया। बता दें कि रायल चैलेंजर ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं हारा।

फाइनल मैच धमतरी सुपर किंग्स और धमतरी रायल चैलेंजर के मध्य हुआ। सुपर किंग्स पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओव्हर में 112 रन बनाकर आल आउट हो गई। रायल चैलेंजर की टीम ने 17 ओव्हर में 8 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और विजेता बनी।

आईपीएल की तर्ज पर टूर्नामेंट में 22 मैच खेले गए। सभी उत्कृष्ट खिलाड़ियों को संघ की ओर से सम्मानित किया गया। प्लेयर आफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार भूषण यादव को मिला। गुलशन ने पूरे टूर्नामेंट में 228 रन बनाए। बेस्ट बालर का इनाम भूषण यादव को मिला।

सहसचिव सकुश गुप्ता ने बताया कि टैलेंट सर्च टूर्नामेंट आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य धमतरी जिला टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन करना था। चार खिलाड़ी वेदप्रकाश देवांगन, भूषण यादव, मोहन साहू, यश गोरे को जिला क्रिकेट टीम की संभावित 25 सदस्यों में शामिल किया गया है।

# तवा फेंक में रूपाली रहीं अव्वल



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय नत्थूजी जगताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा रूपाली निषाद ने जिला स्तरीय महिला खेल में तवा फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने परिवार व विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। छात्र रूपाली कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा है। उसकी रुचि पावरलिफ्टिंग, वेटलिफ्टिंग खेल में भी हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने रजत पदक भी हासिल किया है। प्राचार्य श्रीमती अन्नपूर्णा सिन्हा ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# रासेयो छात्र महात्मा गांधी के विचारों से हुए अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)



शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन एवं उत्साही युवा मंच धमतरी द्वारा गांधी जयंती पर पोस्टर प्रदर्शनी, चलचित्र एवं प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के रासेयो स्वयंसेवकों व छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से नरेंद्र एवं उत्साह युवा मंच के सदस्य प्रियांशी एवं भूपेंद्र उपस्थित थे।

इस अवसर पर डा. जायसवाल ने कहा कि महात्मा गांधी ने सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाते हुए स्वदेशी, स्वराज, सत्य व अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को आजादी दिलाई। उनके आदर्श एवं विचार आज भी हमें प्रेरणा देते हैं। स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं ने महात्मा गांधी के जीवन से जुड़ी फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रश्न मंच कार्यक्रम में भाग लिया। मौके पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल, सहायक प्राध्यापक अंकित बोधवानी, युगेश्वर प्रसाद, गोपाल देवांगन, मन्नूलाल साहू एवं वरिष्ठ स्वयंसेवक छत्रपाल, भूमिका, योगिता, आकांक्षा, उमेश्वरी, खुशबू एवं वेदप्रकाश उपस्थित थे।

# अधिकारी- कर्मचारी घर-घर जाकर घरेलू पशु-पक्षियों की करेंगे गणना

- गणना के लिए 68 प्रगणक और 15 सुपरवाईजर नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

## जिले में शुरू हुई 21 वीं पशु संगणना

जिले में 21 वीं पशु संगणना शुरू हो गई है। इसके तहत पशुपालन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी घर-घर जाकर घरेलू पशु-पक्षियों की गणना करेंगे। इस कार्य के लिए जिले में 68 प्रगणक और 15 सुपरवाइजर की तैनाती की गई है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ.एम.एस. बघेल ने बताया कि पशु गणना के लिए सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं पीएआईडब्ल्यू को प्रगणक एवं अतिरिक्त उपसंचालक, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, एवं पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञों को सुपरवाइजर बनाया गया है। डॉ. जीपी सूर्यवंशी अतिरिक्त उप संचालक को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

गौरतलब है कि पशुओं की गणना प्रत्येक पांच वर्ष में एक बार की जाती है। पशु गणना से यह पता चलता है कि किस क्षेत्र में किस प्रकार के पशु-पक्षी का पालन किया जा रहा है। पशु-पक्षियों की संख्या एवं नस्ल की जानकारी के आधार पर मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पशुपालन से संबंधित योजना तैयार की जाती है। इससे पशुपालक योजना का लाभ लेकर अपनी आजीविका एवं अतिरिक्त आय में वृद्धि कर सकते है। इस बार पशुओं की गणना आधुनिक तकनीक से मोबाइल ऐप के माध्यम से पशुपालकों के घर जाकर प्रगणक द्वारा की जाएगी। जिले के सभी गांव एवं शहरी वार्ड के प्रत्येक घर जाकर पशुधन गणना से संबंधित आकड़े एकत्रित किए जाएंगे।

पशु गणना के दौरान प्रगणक पशुपालकों के घर जाकर पशुपालकों के नाम, पता, आय व शिक्षा इत्यादि संबंधी जानकारी लेंगे। इस क्रम में पशुओं की संख्या, पशु के नस्ल, लिंग, उम्र व रंग आदि की जानकारी भी ली जावेगी। ग्राम एवं वार्डों में घुमंतु पशुओं की गणना की जायेगी। संगणना कार्य के लिए विभागीय अमले, पशु सखी, कोटवार, सरपंच एवं ग्राम सचिव के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

# प्लांट के टैंक में जमा कचरा निकालने के बाद हुई पानी की सप्लाई



**धमतरी।** रुद्री सिंचाई विभाग द्वारा नहर में नगर निगम को जानकारी दिए बगैर पानी कम छोड़ा गया। कम मात्रा में पानी आने की वजह से फिल्टर प्लांट में रॉ वाटर के बड़े टैंक में काई, कचरा वगैरह जमा हो गया और पानी कम आने से शहर में शनिवार की शाम को पेयजल आपूर्ति बाधित होने की नौबत आ गई थी। नगर निगम के जल विभाग अध्यक्ष अवैश हाशमी को जानकारी मिलते ही उन्होंने महापौर को सूचित किया। कर्मचारी सुबह से फिल्टर प्लांट में रॉ वाटर के बड़े पानी के टैंक में उतरकर सफाई कार्य किए। सफाई कार्य पूर्ण होने के बाद श्री हाशमी ने अधिकारी-कर्मचारियों से सलाह मशविरा कर फिल्टर प्लांट चालू करवाए और शहर की सभी विशाल ओवरहैंड टैंकों को भरने के निर्देश दिए। शाम 6 बजे शहरवासियों को कम समय के लिए पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से उपलब्ध हुई। सुधार कार्य पूर्ण करने में जल विभाग के सहायक लिपिक मंगलूराम निर्मलकर, पाइपलाइन मैकेनिक प्रहलाद मांडवी, इलेक्ट्रीशियन रघुवीर ठाकुर, राजेंद्र निर्मलकर,प्लंबर टीजू निषाद, अशोक यादव, तिमान यादव, लोकेश निर्मलकर, गोवर्धन कोरे, यशवंत हिरवानी, वाटर फिल्टर प्लांट सुपरवाइजर संकेत गुप्ता, केमिस्ट स्वादगुल खान समेत वाटर फिल्टर प्लांट के कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# उत्साही युवा मंच ने सेंचुरी पार्क की सजावट की




**धमतरी।** उत्साही युवा मंच ने पिछले दो रविवार से सेंचुरी पार्क की सफाई के बाद इस सोमवार से तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत की है, जिसमें पार्क को रंग-बिरंगे रंगों से सजाया जाएगा। पहले दिन युवा मंच के सदस्यों ने पार्क के बैठने के क्षेत्र की सफाई की और उसे एक नई चमक देने के लिए रंग किया। सदस्य भूपेंद्र, ओम, विराट, त्रिलोक, खुशाल, नरेंद्र, मुंशी, वैभव, गौतम ,वैभव रणसिंह और भूपेंद्र ने बताया कि उन्होंने पार्क के माहौल को और जीवंत बनाने के लिए मेहनत की है। युवाओं की इस पहल ने न केवल पार्क की सुंदरता में वृद्धि की है, बल्कि सामुदायिक भागीदारी और सामाजिक जागरूकता का एक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

गोंड समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन रायपुर में हुआ

# मनपसंद जीवनसाथी चुनने एमपी, महाराष्ट्र, उड़ीसा, झारखंड से भी पहुंचे युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





गोंडवाना गोंड महासभा द्वारा गोंड समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन वृंदावन हॉल रायपुर में आयोजित किया गया। सम्मेलन में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, झारखंड सहित विभिन्न राज्यों के युवा शामिल हुए। मुख्य अतिथि महासभा के संरक्षक व पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते थे। अध्यक्षता नीलकंठ टेकाम विधायक केशकाल ने की। विशिष्ट अतिथि शिशुपाल शोरी राष्ट्रीय अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा, खामसिंह मांझी राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा, लोकेंद्र सिंह राष्ट्रीय महासचिव गोंडवाना गोंड महासभा, श्रीमती कांति नाग राष्ट्रीय महासचिव गोंडवाना गोंड महासभा महिला प्रभाग, विकास मरकाम प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा भाजपा छत्तीसगढ़, हिम्मत सिंह आरमो राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, बीपीएस नेताम संरक्षक महासभा, फूलसिंह नेताम प्रदेश कोषाध्यक्ष, गजानंद धुर्वे, श्रीमती बसंता ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रभाग, चेमसिंह मरकाम प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रभाग थे। कार्यक्रम का संचालन महासभा के महासचिव आरएन ध्रुव ने किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री कुलस्ते ने कहा कि समाज में वैवाहिक लेनदेन एक जिला से दूसरे जिला, एक राज्य से दूसरे राज्य में हो। उन्होंने अपना अनुभव बताया कि जब उनकी शादी हुई तो वह बेरोजगार थे और उनकी श्रीमती शिक्षक थी इसलिए बराबरी वाले रिश्तेदारी के चक्कर में अच्छे अवसर को नहीं खोना है। खामसिंह मांझी ने कहा कि समय के साथ ध्रुव गोंड, अमात गोंड, बस्तरिया गोंड, सरगुजिहा गोंड सहित अन्य गोंड समाज में वैवाहिक लेनदेन के रास्ते खोलने होंगे। श्री टेकाम ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों को एक मंच में लाकर समय एवं पैसों की बचत करनी है। उन्होंने कहा कि महासभा गोंडी भाषा, साहित्य और समाज के गौरव को पुनर्स्थापित करने के लिए कृत संकल्पित है।

इस अवसर पर बीआर ध्रुव, बलदाऊ सिंह ध्रुव प्रदेश उपाध्यक्ष, संभागीय संयोजक आरसी ध्रुव, मानसिंह ध्रुव, अकतराम ध्रुव, एनआर ध्रुव, मीडिया प्रभारी रोहित कुमार मरकाम, जीवराखन लाल उसारे, एनके ठाकुर, हेमन्त पडोटी, केएस परते, मूरित मंडावी, एचआर ध्रुव, महेश ध्रुव, टामेश्वर ठाकुर, अश्वनी सिदार, आरपी नेताम, देवसिंह मार्को, देवन धुर्वे, एलएस ध्रुव, प्रवीण मरकाम उपस्थित थे।

# जगन्नाथ मंदिर में 2 नवम्बर को बंटेगी 651 किलो खिचड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मां लक्ष्मी पूजन के बाद अन्नकूट खिचड़ी प्रसादी का वितरण 2 नवम्बर को महाप्रभु जगन्नाथ मंदिर में होगा। यह परंपरा 101 वर्षों से चली आ रही है। दोपहर 12 बजे भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र तथा बहन सुभद्रा की विशेष पूजा-अर्चना पं. बालकृष्ण एवं पं. गौरव शर्मा द्वारा की जायेगी। भगवान को भोग समर्पित करने के बाद भक्तों को 651 किलो खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

- 101 वर्षों से चली आ रही परंपरा का होगा निर्वहन, भक्तों की उमड़ेगी भीड़

मंदिर परिसर में प्रसाद ग्रहण करने आने वाले भक्तों की भीड़ को देखते हुए इस वर्ष मंदिर ट्रस्ट द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। जो भक्त मंदिर परिसर में नहीं पहुंच सकते हैं, उनके लिए टिफिन व्यवस्था चालू रहेगी। श्री जगदीश मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष किरण गांधी ने बताया कि सनातन परंपरा में गोवर्धन पूजा के दिन अन्नकूट प्रसादी का वितरण एक धार्मिक आस्था और श्रद्धा की मान्यता के साथ है। इसे आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी प्रसादी का वितरण किया जायेगा। अन्नकूट के कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए समितियों का गठन किया गया है।



प्रसादी तैयार करने हेतु ट्रस्टी समिति संयोजक गोपाल प्रसाद शर्मा, बिहारी लाल अग्रवाल, लक्खू भानुशाली, रमेश लाठ, दयाराम अग्रवाल, विपिन पटेल, विनोद अग्रवाल, प्रसादी की सामान व्यवस्था समिति के संयोजक अजय अग्रवाल, श्याम अग्रवाल मोहन अग्रवाल, प्रकाश गांधी, प्रसाद वितरण समिति संयोजक लक्ष्मीचंद बाहेती, श्यामसुंदर अग्रवाल, डॉ. हीरा महावर, हर्षद मेहता, बालकृष्ण शर्मा, मदनमोहन खंडेलवाल, किरण कुमार गांधी, रवि अग्रवाल, प्रसादी व्यवस्था समिति संयोजक अनिल मित्तल, भरत सोनी, सत्यनारायण राठी एवं भक्तगण प्रसादी वितरण कार्यकर्ता में संजय अग्रवाल, दिलीप सोनी, प्रमोद अग्रवाल, प्रीतेश गांधी, विवेक पटेल, पंकज महावर, राहुल महावर, निर्भय महावर, अजीत खंडेलवाल, प्रभाष अग्रवाल, राजेश शर्मा समेत अन्य हैं। यह जानकारी सचिव प्रकाश गांधी ने दी है।

# ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की तिथि निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

**विद्यार्थी 31 दिसम्बर तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन**

छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं पॉलीटेक्निक आदि के प्राचार्य एवं संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, वे शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12 वीं से उच्चतर के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्रवाई वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन हेतु नवीन एवं नवीनीकरण 1 नवम्बर से 31 दिसम्बर 2024 तथा ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 1 नवम्बर 2024 से 15 जनवरी 2025 तक एवं सेंक्शन ऑर्डर लॉक करने हेतु 1 नवम्बर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक तिथि निर्धारित है। निर्धारित तिथियों के पश्चात शिक्षा सत्र 2024-25 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन के लिए पोर्टल बंद कर दिया जाएगा। निर्धारित तिथि तक कार्रवाई पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं, तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होंगे। छात्रवृत्ति का पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। सभी विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करते समय ध्यान रखे कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैक खाता नम्बर की प्रविष्टि ही करना सुनिश्चित करें।

# जिले में हाथी की फिर धमक

**महासमुंद**। जिले में एक बार फिर हाथियों का आतंक देखने को मिल सकता है क्योंकि बीती रात को एक छोटू नामक हाथी गरियाबंद जिले से महासमुंद जिले में प्रवेश कर चुका है। फलस्वरूप जिले के दो दर्जन गांवों को हाई अलर्ट किया गया है। वन विभाग द्वारा व्हाट्सएप के माध्यम से गांवों में सूचना दी गई है कि किसी भी हाल में जंगल नहीं जाएं। मिली जानकारी के अनुसार छोटू वर्तमान में खड़सा के खेतों में विचरण कर रहा है। उक्त दंतैल कभी भी सूखा नदी पार कर सरकड़ा, सोरिद खुर्द की ओर बढ़ सकता है। उक्त गांवों में प्रवेश की संभावना को ध्यान में रखते हुए खंड़सा, सरकड़ा, बोरिद, बलरामपुर, बाम्हनडीह, मंदबाय, धनसुली, जीवतरा, परसदा, लभरा, बकमा, कोना, खट्टी, केशवा, बिजराडीह, बोरियाझर, झालखम्हरिया, मुढ़ेना, उमरदा, अरंड, पतेरापाली, गौरखेड़ा, सोरिद को अलर्ट किया गया है। मालूम हो कि माह भर पूर्व ही 3 हाथियों का दल तथा एक पृथक अकेला हाथी लंबे समय तक विचरण करता रहा। जानकारी के मुताबिक एक 26 हाथियों का दल फिलहाल बारनवापारा के जंगल में है, जबकि 3 हाथी क्षेत्र में लगातार घूम रहे हैं। धान कटाई के दौरान इन हाथियों की फिर से क्षेत्र में विचरण की संभावना है। 27 अक्टूबर को एक दंतैल हाथी छोटू जीवतरा और धनसुली के खेत से होते हुए जीवतरा और बकमा रोड को पार कर कक्ष क्रमांक 79 के जंगल में प्रवेश किया है। आज वह कोना और केशवा की ओर बढ़ रहा है। मालूम हो कि माह भर पूर्व ही 3 हाथियों का दल तथा एक पृथक अकेला हाथी लंबे समय तक विचरण करता रहा।

## निःशुल्क स्वर्ण प्राशन आज

**धमतरी**। धन्वंतरि जयंती एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर श्री आरोग्य मंदिर आयुर्वेद चिकित्सालय आमापारा के तत्वावधान में स्वर्ण बिंदु प्राशन का आयोजन 29 अक्टूबर मंगलवार को किया गया है, जिसमें 0 से 2 वर्ष के बच्चों को निःशुल्क स्वर्ण बिंदु प्राशन कराया जाएगा। डॉ. प्रीति सिन्हा ने बताया कि स्वर्ण बिंदु प्राशन के अनगिनत लाभ है। बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। चिकित्सालय के संचालक डॉ.धर्मेन्द्र सिन्हा ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि वे अपने बच्चों का स्वर्ण बिंदु प्राशन अवश्य कराएं।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹60,000 ₹90,000 ₹1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS किसान की पसंद
6&7 फेन पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
बुकिंग प्रारंभ
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

धनतेरस एवं दिपावली की हार्दिक बधाई
श्रद्धा ज्वेलर्स
प्रथम पुरुस्कार टी.व्ही.
द्वितीय पुरुस्कार वाशींग मशीन
तृतिय पुरुस्कार सिलाई मशीन
चतुर्थ पुरुस्कार मिक्सी
पंचम पुरुस्कार इंडक्शन
षष्टम पुरुस्कार आयरन 3 लोगों के लिए 1-1 आयरन
LUCKY DRAW प्रत्येक माह
10000 हजार की नगद खरीदी पर 1 कुपन प्राप्त कर किस्मत चमकाने का अवसर पायें।
शुद्ध सोने एवं चांदी के आभूषणों के विक्रेता
श्रद्धा ज्वेलर्स
स्टेट बैंक के सामने राजा, बाडा नगरी
प्रो. सुधीर छाजेड, मो.: 9753896111

नगरी शहर में बॉयज जंक्शन के 700 दिन पूर्ण होने की खुशी में
700/- की खरीदी पर भव्य ईनामी उपहार योजना
10 से अधिक कूपन पर निश्चित उपहार भी है
तो जमा करें जितने ज्यादा कूपन उतना बड़ा ईनाम
इलेक्ट्रिक स्कूटर बम्फर ईनाम
बम्पर ड्रॉ 11.11.2024
बॉयज जंक्शन The Complete Men's Store
बॉयज जंक्शन
तहसील ऑफिस के सामने नगरी (सिहावा)
जिला-धमतरी (छ.ग.) मो.7077820828
कम्प्लीट मेन्स वियर शॉप

नगर प्रशासन ने निर्माण कार्य पर चलवाया बुलडोजर, अब ठेकेदार मांग रहे क्षतिपूर्ति

# चौपाटी काम्प्लेक्स : विरोध हुआ तो निकली वेटलैंड की जमीन



### क्षतिपूर्ति नहीं मिली तो न्यायालय जाएंगे

ठेकेदार ने बताया कि नगर पंचायत ने निविदा प्रक्रिया पूरी कर न्यूनतम दर के आधार पर काम स्वीकृत कर कार्यआदेश जारी किया गया था। लेकिन 25 अक्टूबर को सीएमओ, इंजीनियर, तहसीलदार एवं पटवारी की उपस्थिति में बुलडोजर से कालम उखाड़ दिया गया। दो पक्षों की राजनीतिक लड़ाई में मुझे नुकसान उठाना पड़ा है। मैंने प्रशासन से क्षतिपूर्ति की मांग की है। निर्माण में खर्च राशि की क्षतिपूर्ति नहीं होने की स्थिति में मुझे न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा। अब ठेकेदार क्षतिपूर्ति राशि की मांग करते हुए अधिकारियों के चक्कर लगाने विवश हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

भाजपाइयों के विरोध के साथ कुरुद विधायक के धरना प्रदर्शन की चेतावनी के बाद नगर प्रशासन कुरुद ने माना कि वृंदावन सरोवर किनारे बन रहे शॉपिंग काम्प्लेक्स वेटलैंड की जमीन है। बन रही दुकानों के कालम में बुलडोजर चला निर्माण कार्य बंद करा दिया है। वहीं संबंधित निर्माण ठेकेदार ने लाखों का नुकसान होने का दावा कर क्षतिपूर्ति की मांग की है।

ज्ञात हो कि नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 10 वृंदावन सरोवर किनारे बने शॉपिंग कांप्लेक्स के बीच खाली जमीन पर 15 नग दुकान बनाने का प्रस्ताव परिषद में पास कर टेंडर जारी किया गया था। 40.50 लाख की लागत से होने वाले इस कार्य का ठेका स्वास्तिक इंफा. कुरूद को दिया गया। इसके लिए 27 सितम्बर को मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने अनुबंध के साथ लिखित कार्यादेश जारी किया था। उस आधार पर ठेकेदार ने 16 अक्टूबर से काम प्रारंभ किया। इस बीच जलक्षेत्र को बचाने विधायक ने मौन साधने की चेतावनी देकर राजनीतिक एवं प्रशासनिक हल्कों में हलचल पैदा कर दी। फलस्वरूप परिषद के फैसले एवं अपने ही आदेश को धता बता सीएमओ ने ठेकेदार से हुए एग्रीमेंट को रद्द कर दिया। सीएमओ महेंद्र राज गुप्ता का कहना है कि वेटलैंड मद की जमीन पाये जाने पर निर्माण कार्य को रुकवाया गया है।

इस संबंध में एसडीएम डीडी मंडावी ने कहा कि शिकायत की जांच होने पर उक्त स्थल जलक्षेत्र में होना पाया गया। इसलिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर नियम विरुद्ध हो रहे निर्माण कार्य पर रोक लगाई गई है।

## जनदर्शन में मिले 48 आवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के दूरदराज से कलेक्टोरेट जनदर्शन में अपनी समस्या, मांग और शिकायत लेकर पहुंचे फरियादियों की कलेक्टर नम्रता गांधी ने बारी-बारी से उनका आवेदन प्राप्त किया। साथ ही इन आवेदनों का निराकरण गंभीरतापूर्वक और समय सीमा में करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनदर्शन में जमीन विवाद, राजस्व प्रकरण, पीएम आवास, इलाज हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने, शिक्षक की व्यवस्था कराने संबंधी कुल 48 आवेदन प्राप्त हुए।













धनतेरस व दीपावली के शुभ अवसर पर
मेरा SWARAJ
इस त्यौहार इनामों की बौछार
ऑफर सीमित समय के लिए
1 सितम्बर 2024 से 30 नवम्बर 2024 तक
धनतेरस एवं दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
WARRANTY 6 YEARS WARRANTY
SWARAJ 742 XT
SWARAJ 735 XT
मेरा SWARAJ
733 FE
मात्र
5,15,733/-
में घर लाओ
RTO/बीमा का चार्ज अलग रहेगा
2 YEARS WARRANTY
SWARAJ DURAVATOR
मात्र
39,999/-
डाउनपेमेंट में घर लाओ
SWARAJ 733 FE
*नियम एवं शर्तें लागू
छत्तीसगढ़ ट्रेक्टर्स
रायपुर रोड, बठेना चौक, धमतरी
मो. : 87704-83854, 94255-12494
प्रो. अनिल साहू
ब्रांच ऑफिस - नगरी, मगरलोड, कुरूद, कुकरेल, भखारा


ना कोई ऑफर है, ना ही कोई उपहार है...
बस विश्वास और शुद्ध ज़ेवर ही हमारा आधार है...
शुभ धनतेरस एवं दीपों का महापर्व दीपावली
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मान्यवर,
इस खुशियों के त्यौहार दीपावली में आपके लिए
आपके बजट का थोड़ा सा हिस्सा कम करने हम लाये हैं
3% का फ्लैट डिस्काउंट
स्वर्ण एवं रजत आभूषणों की खरीदी में..
ना मजदूरी में ना बनवाई में
सीधा टोटल में 3% का डिस्काउंट
वर्षों से आपकी सेवा में सदैव तत्पर
दाऊ दुकान
श्री शिवम् ज्वेलर्स
सोना एवं चांदी के फैंसी आभूषणों के विक्रेता
श्रीराम कॉम्पलेक्स, मठमंदिर चौक, जगन्नाथ मंदिर बाजू गली, धमतरी (छ.ग.)
फोन : 07722-232970, मो. : 98931-77222


सोनालीका
5100/-
पांच हजार एक सौ रूपए
देकर आप बने
सोनालिका ट्रेक्टर के मालिक
समस्त किसान भाईयों को
शुभ धनतेरस एवं दीपों का महापर्व दीपावली
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
धनतेरस पर
सोने-चांदी एवं 11011 उपहारों की बौछार
25g GOLD
15 सोनालीका टाइगर^ DI 65 CRDS 4WD
17 टाटा पंच कार^
111 रॉयल एनफील्ड^
151 होंडा शाइन^ (100 cc)
और भी ढेरों उपहार^
SONALIKA HEAVY-DUTY ASSURANCE FIVE 5 YEARS WARRANTY
हैवी ड्यूटी मतलब सोनालीका
विश्व की सर्वप्रथम हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर रेंज
DLX MULTISPEED DI 60 TORQUE PLUS ₹8 59 999.*
DI 730 III ₹4 71 000.*
MVT Tractors (Dhamtari)
ब्रांच : कुकरेल, नगरी, बोराई, अक्लाडोंगरी, नारायणपुर
Mob. : 9993546452, 6260616267, 9424210131, 9399253083
^551 ईनाम का ऑन लाईन लकी ड्रॉ इवेंट अनुमानित दिसम्बर 2024 में झारखण्ड और छत्तीसगढ़ के लिए आयोजित किया जाएगा। इन ईनामों की अनुमानित कीमत और संख्या ₹11 09 900. तक का 1 ट्रैक्टर, ₹6 12 900. तक की 1 कार, 25g-3 GOLD COIN-22 Carat, ₹1 75 000. तक की 5 बुलेट, ₹1 20 000. तक के 5, 6' रोटावेटर, ₹66 000. तक की 6 मोटर साइकिल, ₹12 000. तक की 15 वाशिंग मशीन, ₹10 000. तक की 25 LED TV, ₹8 000. तक के 55 मोबाईल फोन, ₹2 500. तक के 175 जूसर मिक्सर, ₹1 500. तक के 260 रिस्ट वॉच। ईनाम से सम्बन्धित सभी सरकारी लेवी/कर ग्राहक द्वारा वहन किये जाएंगे। ^ऊपर दर्शाये गए ईनाम केवल प्रतिनिधित्व के लिए हैं, मूल ईनाम भिन्न हो सकते हैं। *नियम एवं शर्तें लागू, दर्शाए गए मॉडल्स की कीमतें और ऑफर सोनालीका के छत्तीसगढ़ के डीलरों के सौजन्य से, आर.टी.ओ., इंश्योरेन्स, फाइनेन्स एवं एक्सचेंज शामिल नहीं हैं। *दिखाई गई कीमतें Ex-Showroom हैं। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.sonalika.com और अपनी नज़दीकी डीलरशिप पर विजिट करें।
मिस्ड कॉल: 9672818444